# ओ बाबा श्याम हमारे तुम लगते इतने प्यारे भजन लिरिक्स

सजधज कर होले होले,
मुस्काते हो,
जादू कैसा सब पर आप,
चलाते हो,
तेरी एक झलक पे वारी जाएं,
लाखो दीवाने तेरे,
ओ बाबा श्याम हमारे,
तुम लगते इतने प्यारे।bd।

तर्ज – हम हारे हारे हारे।

---

सांवल सा मुखड़ा,
बांकी अदाएं,
हटती नही तेरे,
मुख से निगाहें,
मोरमुकुट और,
केसर का टीका,
शोभा तुम्हारी,
और बढ़ाये,
नैना कटीले तेरे सांवरे,
ओ बाबा श्याम हमारें,
तुम लगते इतने प्यारे।bd।

---

केसरिया बागा,
तेरा निराला,
सजती अनोखे,
फूलों की माला,
नौलक्खा हार पहने,
मेरा साँवरिया,
दूल्हा सा लागे,
है खाटू वाला,
तुमको नज़र ना लगे सांवरे,
ओ बाबा श्याम हमारें,
तुम लगते इतने प्यारे।bd।

---

तुम खुद ना जानो,
श्याम कितने हो,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

झांकी तुम्हारी,
है कितनी प्यारी,
दर्शन तुम्हारा,
करते ही 'मोहन',
छा जाती दिल पे,
प्रेम खुमारी,
हो जाये तेरी कृपा सांवरे,
ओ बाबा श्याम हमारें,
तुम लगते इतने प्यारे।bd।

---

सजधज कर होले होले,
मुस्काते हो,
जादू कैसा सब पर आप,
चलाते हो,
तेरी एक झलक पे वारी जाएं,
लाखो दीवाने तेरे,
ओ बाबा श्याम हमारे,
तुम लगते इतने प्यारे।bd।

लेखक / प्रेषक – प्रशांत सोनी (मोहन)
**9253470444**
गायक – रवि अग्रवाल।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com